दैनिक जागरण
बरेली, शुक्रवार
11 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

PAGE NO. 05, TOP

उप्र की टीम ने अभ्यास में बहाया पसीना, नागालैंड ने किया आराम

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 मैच के लिए उप्र की टीम बुधवार दोपहर और नागालैंड की टीम गुरुवार भोर में शहर पहुंची। गुरुवार को उप्र के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया, वहीं नागालैंड के खिलाड़ियों ने आराम करना मुनासिब समझा।

बीसीसीआइ की ओर से कूच बिहार ट्राफी का मैच पहली बार जिले में आयोजित हो रहा है। इसमें अब सिर्फ एक ही दिन बाकी है। मैच को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मैच रेफरी, अंपायर, वीडियो एनालिस्ट और स्कोरर भी बरेली पहुंच चुके हैं। 12 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे बजे से दोनों टीमों के बीच मुकाबला शुरू हो जाएगा। मैच का उद्घाटन सांसद संतोष गंगवार, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह और महापौर डा. उमेश गौतम करेंगे। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंडलायुक्त संयुक्ता समद्दार, एडीजी राजकुमार, आइजी रमित शर्मा, जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, एसएसपी अखिलेश चौरसिया, बीडीए वीसी जोगिंदर सिंह व एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति भी मौजूद रहेंगे। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक युद्धवीर सिंह और सचिव प्रदीप गुप्ता व अन्य पदाधिकारी भी शहर पहुंच रहे हैं।

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास करते यूपी टीम के खिलाड़ी • जागरण

- बुधवार दोपहर पहुंची थी उप्र की टीम गुरुवार भोर में नागालैंड के खिलाड़ी
- दर्शकों के स्वागत के लिए तैयार हुआ श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम

निशुल्क मिलेगा प्रवेश: शहर में पहली बार कूच बिहार ट्राफी का मैच देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। जिम्मेदारों का कहना है कि प्रवेश के लिए किसी तरह का शुल्क और पास आदि की व्यवस्था नहीं है। कोई भी आकर मैच का आनंद ले सकता है। यदि वर्षा होती है तो उसको लेकर भी पूरे इंतजाम हैं। कूच बिहार ट्राफी का किसी तरह का कोई लाइव प्रसारण आदि नहीं होगा। दर्शकों को मैच का रोमांच देखने के लिए स्टेडियम ही पहुंचना पड़ेगा।

उप्र की टीम

आदर्श सिंह (कप्तान), शिवम कुमार, विराट जायसवाल, प्रशांत वीर, शिवम उज्जवल, मानव सिंधु, चैतन्य पाराशर, अक्षु बाजवा, अक्षय दुबे, वंश चौधरी, नमन तिवारी, अजय कुमार, अब्दुल रहमान, आसिफ अली, सुशांत, शुभाकर शुक्ला, सिद्धार्थ मिश्रा, विवेश कुमार, कीर्ति वर्धन, युवराज यादव व मोहम्मद सिबली।

नागालैंड की टीम

युगंधर सिंह (कप्तान), खीविटसो केन्से, नीजेखो रुप्रीयो, केलहाउसली, केदुओवेटो, मुध्वी सुमी, सुजल प्रसाद, सैम्युल, कविटो, रंजनथंग, दीप बोहरा, श्रेजाविटो किरे, किनीजेटो रियो, निजोली मेहता।

दो हजार दर्शकों के लिए दीर्घा तैयार: मनीष सिंह

एसआरएमएस में क्रिकेट कोच मनीष सिंह ने बताया कि बीसीसीआइ के मानक पर खरा उतरने के बाद ही स्टेडियम को कूच बिहार ट्राफी की मेजबानी मिली है। करीब दो हजार दर्शकों को ध्यान में रखते हुए दीर्घा को तैयार किया गया है। यहां सभी प्रकार के रोलर, बालिंग मशीन, पवेलियन, टर्फ, मुख्य विकेट के साथ ही आठ प्रैक्टिस विकेट उपलब्ध है।